दिन– रविवार                                                                 दिनांक– 12 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                 अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आज पटना पहुंचे। प्रधानमंत्री का भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड–शो जारी। लोगों की उमड़ी भीड़।

02. श्री मोदी कल हाजीपुर, सारण और मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

03. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में कल होगा मतदान। सभी तैयारियां पूरी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान पूर्वी चंपारण, शिवहर, अररिया और किशनगंज समेत उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। आज शाम पटना हवाई अड्डे पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। श्री मोदी दौरे के पहले दिन आज राजधानी पटना में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड–शो कर रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पटना साहिब से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र से भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद हैं। प्रधानमंत्री के रोड–शो को लेकर राजधानी पटनावासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। लोग बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री श्री मोदी को देखने के लिए रोड–शो के विभिन्न मार्गों पर एकत्रित हुए हैं। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि बिहार के लिए प्रधानमंत्री का यह रोड–शो ऐतिहासिक है।

———बाईट———

यह रोड–शो भट्टाचार्य रोड से शुरू होकर गांधी मैदान स्थित उद्योग भवन के पास समाप्त होगा। प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। वहीं, पटना की यातायात व्यवस्था में भी व्यापक बदलाव किया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी रोड–शो के बाद राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। उनके आगमन को लेकर

राजभवन में विशेष तैयारी की गयी है। उनके खाने के लिए बिहारी व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गयी है। प्रधानमंत्री कल सुबह पटना साहिब स्थित तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेकेंगे। इसके बाद वे हाजीपुर से लोजपा–रामविलास के उम्मीदवार चिराग पासवान, सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूढ़ी और मुजफ्फरपुर से भाजपा उम्मीदवार राजभूषण निषाद के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत कल पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। संवेदनशील इलाकों में मतदान का समय शाम चार बजे तक रहेगा। इन पांच संसदीय क्षेत्रों में पंचानवे लाख तिरासी हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इस चरण में चार महिला प्रत्याशियों समेत पचपन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है।

————————————————————————

दरभंगा संसदीय क्षेत्र में चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिले के एक हजार से अधिक मतदान केन्द्रों पर वेव कास्टिंग की व्यवस्था की गयी है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———रिपोर्ट———

दरभंगा जिले में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के कुल 23 लाख 924 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दरभंगा संसदीय क्षेत्र के तहत जिले का गौराबौराम, अलीनगर, बेनीपुर, दरभंगा, दरभंगा ग्रामीण तथा बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि कुशेश्वरस्थान और हायाघाट विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। दरभंगा संसदीय क्षेत्र में 17 लाख 81 हजार 356 और समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र में 5 लाख 19 हजार 568 मतदाता हैं। जिले के 1163 मतदान केन्द्रों पर वेव कास्टिंग की व्यवस्था की गयी है। प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की है, जहां किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिला प्रशासन ने लोगों से भय मुक्त वातावरण में शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

वहीं, समस्तीपुर और उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध के बीच सत्ताईस लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———रिपोर्ट———

समस्तीपुर जिले के दो संसदीय क्षेत्र उजियारपुर और समस्तीपुर सीट पर चौथे चरण का मतदान कल 13 मई को होगा जिसकी सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों लोकसभा क्षेत्रों के 1 हजार 564 भवनों में कुल 2 हजार 747 मतदान केन्द्र बनाये गए हैं। यहां 27 लाख 35 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 4 सौ 62 संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिह्नित कर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है। इधर पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने बताया कि चुनाव को भयमुक्त संपन्न कराने के लिए 354 सेक्टर दंडाधिकारी और सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

बेगूसराय जिला प्रशासन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए दो हजार सत्तर मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। एक रिपोर्ट––

––– रिपोर्ट–––

बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान को लेकर पुख्ता तैयारी की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बताया कि जिले में 2070 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 3 सहायक मतदान केन्द्र हैं। जिले में 21लाख 94हजार 833 मतदाता हैं। जिलाधिकारी ने बेगूसराय के मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है। संसदीय क्षेत्र के दियारा इलाके में भी मतदान को लेकर काफी चौकसी बरती जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि जिले में निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान को लेकर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। सीमावर्ती जिले को सील कर दिया गया है। अर्धसैनिक बल की तैनाती भी की की गई। होटलों और धर्मशाला पर भी सख्त निगरानी की जा रही है। मतदाता निर्भीक होकर मातदान करेगें। आकावाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

मुंगेर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मतदान को लेकर विधानसभावार मॉडल और पिंक बूथ बनाये गये हैं।

–––रिपोर्ट–––

मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस सीट के लिए 06 विधानसभा क्षेत्रों मुंगेर, जमालपुर, लखीसराय, सूर्यगढ़ा, बाढ़ और मोकामा में कल वोट डाले जाएंगे। मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू होगी तथा शाम छह बजे इसे संपन्न करा लिया जाएगा। हालांकि सूर्यगढ़ा विधानसभा के चिन्हित 119 बूथों पर शाम चार बजे तक ही वोट डाले जा सकेंगे। इधर सुरक्षा कारणों से जमालपुर विस क्षेत्र के दो तथा सूर्यगढ़ा विधानसभा के पांच बूथों को स्थानांतरित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में 2029 मतदान केंद्रों पर 20 लाख 41 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को लेकर विधानसभावार मॉडल और पिंक बूथ बनाये गये हैं। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि मतदान को लेकर पुलिस कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जा चुका है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

चौथे चरण के चुनाव में दो केन्द्रीय मंत्रियों गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय समेत पचपन उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला होना है। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से गिरिराज सिंह का मुकाबला सीपीआई के अवधेश राय से है, जबकि

उजियारपुर से नित्यानंद राय की सीधी टक्कर राजद के आलोक मेहता से है। मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा भी दाव पर है। उनका मुकाबला राजद की कुमारी अनिता से है जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की शांभवी चौधरी और कांग्रेस के सन्नी हजारी आमने–सामने हैं। वहीं, दरभंगा से भाजपा के गोपालजी ठाकुर का सीधा मुकाबला राजद के ललित कुमार यादव के साथ है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के लिए अलग–अलग राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक जनसभाएं कर रहे हैं। जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सारण में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। श्री कुमार ने गोपालगंज संसदीय क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी आलोक कुमार सुमन के समर्थन में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं, उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन में शिवहर सीट से जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री चौधरी ने इंडी गठबंधन पर जाति के नाम पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया है।

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज सीतामढ़ी और मधुबनी जिले में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री यादव ने मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के गंगौर–हरलाखी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इंडी गठबंधन की सरकार आने पर अग्निवीर योजना को समाप्त कर पुरानी योजना के तहत सेना में बहाली की जाएगी। सीतामढ़ी सीट से राजद उम्मीदवार अर्जुन राय और मधुबनी सीट से अली अशरफ फातमी चुनाव मैदान में हैं।

———————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट की। पश्चिम चंपारण बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

नेपाल की सीमा से सटा पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आया था। परिसीमन के बाद से हुए तीन चुनावों में इस सीट से भाजपा के डॉक्टर संजय जयसवाल को जीत मिलती रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉक्टर जयसवाल ने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के बृजेश कुमार कुशवाहा को पराजित किया था। इस बार भाजपा ने एक बार फिर डॉक्टर संजय

कुमार जयसवाल को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने हैं कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी। श्री तिवारी की राजनीति में एंट्री बतौर मुखिया के रूप में हुई थी। वर्ष 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर श्री तिवारी ने मझौलिया विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा की दिग्गज नेता रेणु देवी को पराजित किया था। बहरहाल इस बार के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र से आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉक्टर संजय जयसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी के बीच ही माना जा रहा है। पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से 4 पर भाजपा का जबकि 2 पर राजद का कब्जा है। नौतन, चनपटिया, बेतिया और रक्सौल सीट पर भाजपा के विधायक हैं। वहीं, सुगौली तथा नरकटिया सीट पर राजद का कब्जा है। कृषि प्रधान पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र में उद्योग धंधों की कमी, श्रम शक्ति का पलायन और बाढ़ की विभीषिका प्रमुख समस्याएं हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजय जयसवाल जहां अपने तीन कार्यकालों के दौरान क्षेत्र के लिए किए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर लोगों के बीच जा रहे हैं वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी देश मे बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए लोगों से अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र की जनता भाजपा के डॉक्टर संजय जयसवाल को चौथी बार लोकसभा भेजती है या कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी पर अपना विश्वास जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के जदयू जिला उपाध्यक्ष लेखा प्रसाद यादव आज राजद में शामिल हो गए। राजद के जिलाध्यक्ष सुनील कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

————————————————————————

केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना की ओर से आरा लोकसभा क्षेत्र की हसनपुरा पंचायत अंतर्गत पिपरहियां गांव के भोजपुर महिला कला केन्द्र में अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस की थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुदूरवर्ती ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया।

कैमूर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर डोर टू डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही मनरेगा मजदूरों ने भी मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया।

————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान पूर्वी चंपारण, शिवहर, अररिया और किशनगंज समेत उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान हवा की गति तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह  गुप्ता ने बताया कि कल से वर्षापात में कमी आने के साथ ही अधिकांश स्थानों पर तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

———बाईट———

इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि आज अररिया और मधुबनी समेत आस–पास के कई जिलों में अच्छी बारिश हुयी है। मधुबनी में मूसलाधार बारिश से निचले इलाकों में जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वहीं, अररिया जिले में तेज हवा के साथ हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। इधर, रोहतास जिले के सासाराम के नगर थाना क्षेत्र में वज्रपात की घटना में दो किशोरों की मौत हो गयी।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आज पटना पहुंचे। प्रधानमंत्री का भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड–शो जारी। लोगों की उमड़ी भीड़।

02. श्री मोदी कल हाजीपुर, सारण और मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

03. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में कल होगा मतदान। सभी तैयारियां पूरी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान पूर्वी चंपारण, शिवहर, अररिया और किशनगंज समेत उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों पर बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।